निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 9(छात्रसंघ चुनाव)अकाद/निकाशि/2012/177 दिनांक 14/08/12

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः–महाविद्यालयों में होने वाले छात्रसंघ चुनाव 2012 के संबंध में निर्देश।

महोदय,

प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव दिनांक 18–8–2012 को सम्पन्न करवाये जाने है। महाविद्यालयों में शांतीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है:–

1– छात्र संघ चुनाव पूर्ण रूप से लिंगदोह समिति की सिफारिशों के आधार पर आयोजित हो एवं समिति की सिफारिशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जावे।

2– यदि कोई भी शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी किसी भी छात्रनेता/छात्र संगठन से सम्बद्ध होगा या महाविद्यालय के शांतिपूर्ण वातावरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करेगा तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

3– दिनांक 18–8–2012 को महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम में पदाधिकारियों की शपथग्रहण होने तक महाविद्यालय में उपस्थित रहकर महाविद्यालय प्रशासन से सहयोग करेंगे।

4– महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना अविलम्ब फैक्स के माध्यम से दी जावे।

भवदीय,

(सुबीर कुमार)
निदेशक

क्रमांक एफ 9(छात्रसंघ चुनाव)अकाद/निकाशि/2012/177 दिनांक 14/08/12

प्रतिलिपि वेब–साईट ईन्चार्ज को डाउनलोड करने हेतु प्रेषित है

संयुक्त निदेशक, अकादमी